DAINIK BHASKAR, Surat, 5.3.2021
Page No. 2, Size:(21.87)cms X (30.94)cms.

अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन रूट के अलाइनमेंट में वडोदरा के पास बदलाव

सूरत | अहमदाबाद-मुंबई 508 किमी बुलेट ट्रेन परियोजना के वडोदरा-सूरत सेक्शन के बीच अलाइनमेंट में बदलाव किया जाएगा। यह बदलाव वडोदरा में होगा। एनएचएसआरसीएल के एमडी अचल खरे ने बताया कि वडोदरा में बुलेट ट्रेन के स्टेशन को इंडियन रेलवे के मौजूदा प्लेटफॉर्म नंबर 6 के ऊपर बनाने की योजना है। इसकी नींव मौजूदा रेलवे लाइनों के बहुत करीब आ रही है, जो निर्माण कार्य को एक बड़ी चुनौती बना देगा। पूरे प्लैटफार्म और चारों ओर के क्षेत्र को 12 मीटरx12 मीटर के ग्रिड द्वारा कवर किया जाएगा। कार्य को कई चरणों में करने की आवश्यकता है। चूंकि निर्माण कार्य 3 से 4 वर्षों तक जारी रहेगा, इसलिए यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी। उल्लेखनीय है कि एचएसआर एलाइनमेंट के लिए आरंभिक सर्वेक्षण 2017 की शुरुआत में किया गया था।